तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 शहीद वीर नारायण सिंह ने गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया

11 शालिनी का डड़सेना प्रांतीय कलार समाज ने किया सम्मान



# मनखे-मनखे एक समान का संदेश देने वाले विलक्षण संत थे बाबा गुरु घासीदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा

गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में सिमगा पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी कर आत्मीय स्वागत किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने जोड़ा जैतखाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज हम संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 268वीं जयंती मना रहे हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव जाति के लिए समर्पित कर दिया और समाज में फैले छुआछूत एवं अन्य बुराइयों को दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। वह एकमात्र संत थे, जो मानव समाज को मनखे मनखे एक समान का सबसे बड़ा मंत्र दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे शासन काल में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को ध्यान में रखते हुए जितने जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की थी वह सब योजनाएं आज बंद पड़ी है। स्वामी आत्मानंद स्कूल कई जगह बंद हो रहे हैं। राजनांदगांव में पुलिस भर्ती में गड़बड़ी हो रही है। प्रदेश की विष्णु देव साय सरकार साय साय की जगह आयें बायें कार्य कर रही है। विधायक इंद्र साव ने बाबा गुरु घासीदास का जयघोष करते हुए कहा कि एक वर्ष पूर्व हमारे मुखिया भूपेश बघेल ने सतनाम भवन, रंगमंच एवं बाउंड्री वॉल निर्माण की घोषणा ▶▶ शेष पेज 11 पर

## गुरु घासीदास बाबा की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल




### भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया

गुरु घासीदास बाबा ने हम सबको सत्य अहिंसा प्रेम सद्भाव का रास्ता दिखाया। श्री बघेल ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रदेश में चारों तरफ अराजकता का माहौल है। जिधर देखों उधर भ्रष्टाचार नजर आता है। बलौदाबाजार कलेक्टोरेट परिसर में आगजनी की घटना सरकार की नाकामी को सिद्ध करता है। उक्त घटना में कई निर्दोष लोगों को जेल में डाल दिया गया है। जिन्हें आज तक जमानत नहीं मिल पायी है। उन्होंने सरकार से छाता पहाड़ में जैतखाम को तोड़ने की घटना एवं कई निर्दोष जो जेल में है के मामले की सीबीआई जांच की मांग की। उन्होंने कहा भाजपा सरकार सतनामी समाज एवं आदिवासी समाज के लोगों पर अत्याचार कर रही है तथा आदिवासियों को नक्सली बताकर कर मारा जा रहा है। सिमगा सोसायटी की घटना का भी जिक्र करते हुए कहा कि यहां किसानों से टोकन के नाम पर खुलेआम वसूली की जा रही है। वहीं धान अधिक मात्रा में तौला जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बलौदाबाजार।** विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम बल्दाकच्छार में 27 दिसम्बर को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आदेश जारी कर दिया गया है।

### महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को पिलवापाली निवासी समयमोती खुंटे ने बताया कि 25 दिसंबर की रात करीबन 8 से 8.30 बजे के मध्य उसकी पुत्री फलिता का स्वास्थ्य खराब होने पर गांव का डाक्टर इलाज के लिए घर आया था। इलाज के बाद डाक्टर को पुत्र दिलीप खुंटे घर छोड़ने गया, पास में ही अनंत राम कोसरिया का किराना दुकान में रूकने के दौरान प्रार्थिया के पुत्र के साथ गांव के परखित खुंटे, भूपेंद्र खुंटे ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। इस घटना की जानकारी युवक ने दी और बताया कि घटना के समय मोबाइल फोन भी खो गया। प्रार्थिया अपने पुत्र के मोबाईल को खोजने अनंत राम कोसरिया के किराना दुकान के पास खोजबीन कर मांझाखोल में आ रही थी, उसी समय मंगली खुंटे, दुशीला खुंटे ने एकराय होकर प्रार्थिया से भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस एजेंट के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बस एजेंट के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन डडसेना निवासी ग्राम साल्हेतराई ने बताया कि वह बस एजेंट का काम करता है। 25 दिसंबर को शाम करीबन 7.30 बजे घर में था, तभी प्रार्थी का साला याकूब सोना घर के सामने मेरी पत्नी को शराब के नशे में घरेलू बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था, जब बाहर निकलकर गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने हाथ में रखे ब्लेड से पेट, हाथ में वार कर चोट पहुंचाया तथा ईंट से फेंक कर मारा जिससे सिर में चोट लगी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# वीर बाल दिवस पर शहर में निकाला शहीदी मार्च

**महिलाओं ने शहीदी के शबद कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

भारत सरकार ने 26 दिसम्बर को वीर बालदिवस के रूप में पूरे देश में मनाये जाने की घोषणा की। इसी तारतम्य में स्थानीय पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा द्वारा गुरुवार को प्रातः शहीदी मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बुजुर्ग, महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए। महिलाओं द्वारा शहीदी के शबद कीर्तन करते हुए नगर भ्रमण किया। युवा समिति के उत्साही युवाओं ने भी शहीदी भजनों का गायन किया। शहीदी मार्च नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पंजाबी गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा में सम्पन्न हुआ।




समाज के अध्यक्ष स. त्रिलोक सिंघ सलूजा एवं सरदार रविन्द्र सिंह चावला, अरूण छाबड़ा, देवेन्द्र सचदेव ने इस बलिदान दिवस पर साहबजादों को श्रद्धांजलि देते हुए उनको नमन किया। समाज के वरिष्ठजनों के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। स्थानीय गुरुद्वारा गुरूसिंह सभा में 21 से 28 दिसम्बर तक शहीदी सप्ताह का आयोजन भी किया गया है। इसमें समाज के युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं द्वारा श्रद्धांजलि स्वरूप कविता पाठ, शबद कीरतन, लेक्चर का आयोजन किया गया।

विदित हो कि सरवंश दानी गुरुगोविन्द सिंह जी जब केवल नौ बरस के थे, तब उनके पिता गुरुतेग बहादुर सिंह ने दिल्ली के चांदनी चौक पर हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये अपने शीश की बलि दे दी। परिवार से मिले त्याग और बलिदान के संस्कारों से अपने सरवंश दान ▶▶ शेष पेज 11 पर

# नगरी निकाय चुनाव के लिए चुनावी खर्च की नई सीमा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

■ 50 हजार से कम आबादी पर 8 लाख, ज्यादा तो 10 लाख तक खर्च सकेंगे प्रत्याशी

राज्य निर्वाचन आयोग ने पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों के लिए चुनावी खर्च की नई सीमा तय की है। यह सीमा राज्य निर्वाचन आयोग की स्वीकृति से नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा तय की गई है। इस बारे में राजपत्र में जारी अधिसूचना के मुताबिक, शहरी इलाकों में अध्यक्ष के लिए चुनावी खर्च की सीमा आबादी के हिसाब से तय की गई है। 5 लाख तक की आबादी वाले निगमों में महापौर पद के लिए खर्च की सीमा 25 लाख रुपये होगी। 3 से 5 लाख आबादी वाले निगमों में महापौर प्रत्याशी 20 लाख तक खर्च कर सकेंगे। 3 लाख से कम आबादी वाले निगमों के महापौर प्रत्याशी 15 लाख तक खर्च कर सकेंगे। वहीं पालिका अध्यक्ष पद के लिए 50 हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में प्रत्याशी 10 लाख तक खर्च कर सकते हैं। 50 हजार से कम आबादी वाले इलाकों में खर्च की यह सीमा 8 लाख तक होगी।

### आरक्षण पर 29 को फैसला

जनपद पंचायत सदस्य पदों के आरक्षण की कार्रवाई 29 दिसंबर की सुबह 11 बजे बलौदाबाजार स्थित जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। यह कार्रवाई महिलाओं और अन्य वर्गों के लिए आरक्षण आवंटन के लिए की जाएगी। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 और पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के प्रावधानों के तहत की जाएगी

# खर्वे टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

इस साल भी नगर में सिक्स एंड साइड क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें फाइनल मैच ग्राम खर्वे-कोरबा के बीच हुआ। इसमें बाजी ग्राम खर्वे के खिलाड़ियों ने मारी। आयोजन समिति के शैलेन्द्र साहू ने बताया आईपीएल फार्मेट में मैच कराया गया, मैच 6 ओवर के साथ 8 खिलाड़ियों का था, कुल 32 टीम ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिसमें ग्राम खर्वे की टीम प्रथम स्थान पर रही, वहीं दूसरे स्थान पर कोरबा-सर्वा की टीम रही। साथ ही तीसरे स्थान में ग्राम लाहौद के खिलाड़ी रहे। हर साल यह मैच शीतकालीन छुट्टी में रखा जाता है, जिसका लुफ्त उठाने आस पास से सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचते हैं पूरे मैच में आयोजक समिति एवं विशेष सहयोग के रूप में स्टार लाइन स्पोर्ट्स क्लब कसडोल, शैलेन्द्र साहू रौनक, जय साहू, विजय साहू, संतोष जायसवाल, पूरन साहू, युवराज, चित्रकान्त वर्मा, रामफल, रुद्रेश तिवारी, सन्तोष साहू ,सन्तोष वर्मा, कमलेश कश्यप, कुलदीपक, संजय, हितेश पाटले, रामकुमार सहित अन्य मौजूद रहें।



### प्रथम पुरस्कार 31 हजार



बहरहाल प्रथम पुरस्कार 31 हजार था, द्वितीय पुरस्कार कोरबा-सर्वा को मिला। इनाम की राशि 15 हजार रही, जिसे विमल वैष्णव पार्षद, पंकज धृतलहरे सहित हरिकांत साहू कर्मा रेस्टोरेंट द्वारा दिया गया, जबकि तीसरे स्थान पर ग्राम लाहौद रही, जिसे 8 हजार नागेश्वर साहू अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा कसडोल द्वारा दिया गया। मैच में बेस्ट प्रदर्शन करने पर मैन ऑफ़ द सीरीज 2500 और ट्राफी वेदव्यास साहू साहू द्वारा पप्पू को दिया गया जो, कोरबा-सर्वा के खिलाड़ी रहे।

# मरार पटेल महासंघ राजनीति प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों की घोषणा हुई

**कसडोल।** छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ राजनीति प्रकोष्ठ की बैठक गुरुवार को पटेल विद्या मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में मरार पटेल महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल की अनुशंसा से घोषणा की गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों की प्रथम बैठक 3 जनवरी को समय 11 बजे से स्थान पटेल विद्या मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में रखी गयी है। प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल कसडोल, कार्यकारी अध्यक्ष यज्ञदेव पटेल बालोद, कार्यकारी अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे पटेल खैरागढ़, संयोजक संतोष पटेल समनापुर, उपाध्यक्ष चेतेश्वर पटेल टेमर, ▶▶ शेष पेज 11 पर



## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

# सुशासन दिवस पर शहर में हुआ सहकार से समृद्धि कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सुशासन दिवस पर सहकारिता विभाग द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केसरवानी के विशिष्ट आतिथ्य में सहकार से समृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का उद्बोधन एलईडी के माध्यम से सुना गया। साथ ही नवगठित समितियां को प्रमाण पत्र वितरण एवं माइक्रो एटीएम कार्ड से हितग्राहियों का राशि भुगतान का प्रदर्शन किया गया। अतिथियों द्वारा सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के बारे में किसानों को बताया गया। सहकारिता, कृषि, मत्स्य, पशुपालन विभाग एवं बैंक अधिकारियों द्वारा किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष जेठू राम कोसले, गजेंद्र नायक, नेतराम साहू, रामेश्वर यादव, जेठू राम ध्रुव एवं आसाराम वर्मा एसके पांडे उप पंजीयक, नरेंद्र सिंह उपसंचालक पशुपालन, विनोद वर्मा सहायक संचालक मछली पालन, जी एन साहू नोडल अधिकारी सहकारी बैंक, के बी वारे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### साधक परिवार ने निशुल्क बांटे तुलसी के पौधे

**रायपुर।** साधक परिवार की ओर से बुधवार को तेलीबांधा मुख्य द्वार स्थित प्याऊघर के पास लोगों को तुलसी के पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। साथ ही लोगों से पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प पत्र भराया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में विद्यार्थी और आम जनता को भारतीय संस्कृति में तुलसी की महत्ता बताते हुए तुलसी पूजन दिवस की जानकारी दी गई। साधक परिवार के सदस्यों ने इस मौके पर कहा, तुलसी को हिंदू धर्म में माता लक्ष्मी का स्वरूप और भगवान विष्णु की प्रिया माना गया है। तुलसी के बिना किसी भी पूजा को पूर्ण नहीं माना जाता। इसके अलावा, तुलसी का पौधा पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इस दिन तुलसी माता की पूजा व 108 परिक्रमा करने से परिवार और समाज में सुख-शांति और समृद्धि का आगमन होता है।

### बिरगांव में 50 लाख के अटल परिसर निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** देश के भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर बिरगांव नगर निगम क्षेत्र के उरकुरा वार्ड क्रमांक 16 में 50 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वर्चुअल माध्यम से भूमिपूजन किया। वहीं भूमिपूजन के पश्चात रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज जो छत्तीसगढ़ अलग राज्य है, वह भारत रत्न प्रधानमंत्री अटलजी की देन है। बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे राजनेता थे, जिनका सभी दल के नेता सम्मान करते थे। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति कृपाराम निषाद, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश साहू, एमआईसी सदस्य ऊबारन दास बंजारे, बिरगांव निगम कमिश्नर जुगल किशोर उर्वशा, कार्यपालन अभियंता डीएल. देवांगन, राम साहू, पार्षद एवं बिरगांव मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, पार्षद केहरू साहू, पार्षद प्रतिनिधि डेविड साहू, शरद साहू एवं क्षेत्र की जनता के अलावा निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### आईटीआई अनुदेशक विश्वकर्मा का सम्मान एवं प्रशिक्षु सम्मेलन 28 को

**रायपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर के 1975-76 से 1980-81 के प्रशिक्षु छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सालांत में एकत्रित होंगे और अपनी यादें ताजा करेंगे। इस दौरान हिंदी स्टेनोग्रॉफी के तत्कालीन अनुदेशक एवं नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी बिशन लाल विश्वकर्मा का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में



उनके शिष्य शामिल होने की संभावना है। वरिष्ठ प्रशिक्षु प्रदीप चौधरी ने बताया कि तत्कालीन अनुदेशक श्री विश्वकर्मा के शिक्षण प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने शिक्षा अर्जन किया और उन्होंने देश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में अपनी सेवाएं दीं। कई प्रशिक्षु सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कई प्रशिक्षु अभी भी महत्वपूर्ण संस्थानों से जुड़े हुए हैं। वे इसका श्रेय अपने गुरुदेव तत्कालीन अनुदेशक श्री विश्वकर्मा को देते हैं। श्री चौधरी ने बताया कि श्री विश्वकर्मा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायपुर में 1975 से 1981 तक अनुदेशक पद पर कार्यरत रहे। तब से वे मध्यप्रदेश विधानसभा के अलावा मंत्रिमण्डल के विभिन्न सदस्यों के साथ जुड़े रहे हैं। वर्तमान में भी वे नेता प्रतिपक्ष मध्यप्रदेश, भोपाल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी की जिम्मेदारी सम्हाल रहे हैं। श्री चौधरी ने बताया कि यह कार्यक्रम 28 दिसंबर को जीई रोड स्थित एक होटल में आयोजित है।

# एक माह में भी परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके छात्र, अर्जियों से हलाकान रविवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने वार्षिक परीक्षाओं के लिए आवेदन तिथि में एक बार फिर से वृद्धि कर दी है। छात्र अब 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 2 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। रविवि ने वार्षिक परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया नवंबर माह में शुरू की थी। एक माह में भी थोक में ऐसे छात्र थे, जो परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके। इनके द्वारा रविवि को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन दिए गए। इसके बाद रविवि ने अंततः पुनः तिथि में वृद्धि कर दी है। हालांकि आवेदन में यह वृद्धि केवल वार्षिक परीक्षाओं के लिए की गई थी। स्नातक प्रथम वर्ष में मौजूदा सत्र से सेमेस्टर पद्धति लागू हो चुकी है। ऐसे में वे विद्यार्थी जो स्नातक परीक्षाओं में स्वाध्यायी छात्र के रूप में शामिल होना चाहते हैं, उन्हें परीक्षा फॉर्म भरने के लिए दोबारा मौका नहीं मिलेगा।

रविवि द्वारा जारी की गई अधिसूचना में आवेदन के लिए पात्र और अपात्र विद्यार्थियों की जानकारी प्रदान की गई है। महाविद्यालयों को भी तिथि वृद्धि के संदर्भ में सूचित कर दिया गया है।

- 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ 2 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन
- स्नातक प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को नहीं मिलेगा मौका

### फिर बढ़ाई आवेदन तिथि



### पीएचडी साक्षात्कार 6 जनवरी से

विवि द्वारा पीएचडी साक्षात्कार तिथियों की भी घोषणा कर दी गई है। पीएचडी के लिए साक्षात्कार 6 से 9 जनवरी तक होंगे। विषयवार इसके लिए तिथियां निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि 2024 से पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं के नियमों में बदलाव किया गया है। अब लिखित परीक्षा के साथ ही साक्षात्कार भी अनिवार्य होंगे। 70 फीसदी अंकों का निर्धारण लिखित परीक्षा के माध्यम से होगा, जबकि शेष 30 फीसदी अंकों का निर्धारण इंटरव्यू के अंक करेंगे। विस्तृत अधिसूचना रविवि ने अपने आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी है।

### शहर में लोगों को सुविधा देने 2.60 करोड़ खर्च करने के बाद सुध नहीं लेने से बिगड़ी व्यवस्था

# ई-टॉयलेट का सिस्टम फेल, सेंसर-गेट व बॉडी चोरी, अब मेंटेनेंस के अभाव में निर्माण कबाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर में स्मार्ट सिटी और रायपुर निगम ने लोगों को सुविधा देने के लिए कई तरह के प्रयोग किए हैं। इनमें से एक प्रयोग ई-टॉयलेट की सुविधा देने को लेकर 2019 में भी किया गया। इस प्रोजेक्ट को राहगीरों की सुविधा के लिए शुरू करने के बाद जिम्मेदार सुध नहीं ले रहे हैं। इससे जिन 6 स्थानों पर 2.60 करोड़ खर्च करके टॉयलेट निर्माण करवाया गया, वे सभी लंबे समय से कबाड़ हो रहे हैं। इसमें लगाए सेंसर, वाटर लाइन के साथ ही गेट व बॉडी भी चोरी होने लगे हैं।

राजधानी में दूर-दराज से आने वाले लोगों और राहगीरों की सुविधा के लिए अलग-अलग 6 रूट पर 32 यूनिट ई -टॉयलेट बनाने के लिए जिस कंपनी को काम दिया, उसने निर्माण के बाद टेंडर शर्तों का पालन करते हुए 3 साल मेंटेनेंस किया। इसके बाद सभी ई- टॉयलेट को संबंधित जोन सीमा से जोड़ते हुए हैंडओवर कर दिया। इसके बाद से इनके मेंटेनेंस और संचालन के लिए जिम्मेदारों ने कोई व्यवस्था नहीं बनाई। नतीजा यह है कि अब किसी स्पाट पर बना ई-टॉयलेट यूनिट उपयोग के लायक नहीं बचा है। यह खुलासा हरिभूमि द्वारा की गई स्पाट जांच में हुआ है। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए तय 1, 2 का सिक्का डालने के लिए गेट के पास लगा सेंसर भी गायब हो गया है।





#### इन स्थानों पर बने ई-टॉयलेट

पाया गया कि निगम सीमा में जीई रोड स्थित सरस्वती नगर थाने की बाउंड्री के पास लगाए गए यूनिट की सुविधा लंबे समय से नहीं मिल रही है। इसी तरह एम्स गेट नं.02 गुरुद्वारा के पास करवाया गया निर्माण भी अनुपयोगी हो गया है। आरडीए तिवारी स्कूल के पास बनाए गए ई-टॉयलेट बुथ की ग्रिन लाइट भी नहीं जलती है। कटोरातालाब के पास बनवाया गया यूनिट तो पूरी तरह से कबाड़ हो गया है। आनंद नगर चौक और मेकाहारा हॉस्पिटल मेन गेट के पास करवाया गया निर्माण भी लोगों के काम नहीं आ रहा है।

#### ऑटो फ्लश, यूनिट बॉडी भी खराब

लाखों की लागत से बनवाए गए ई- टॉयलेट की खासियत निर्माण के दौरान यह बताई गई कि यह ऑटोमेटिक होगा , यानि बिना पैसे डाले दरवाजा नहीं खुलेगा। ऑटो फ्लश, स्टेन लेस स्टील का उपयोग करके सभी यूनिट की बॉडी बनाई जाएगी। इसके इस्तेमाल की वजह से यूनिट को मजबूत बनाया गया। ई-टॉयलेट में विज्ञापन के साथ सिग्नल के जरिए दरवाजे का इंडीगेशन भी बताया गया। हालांकि यह सब सिस्टम अब ठप पड़ा है। ई-टॉयलेट में अब लोग जाने की बजाय इसकी बदबू के चलते दूरी भी बनाने लगे हैं।

#### फैक्ट फाइल

- प्रति टॉयलेट की लागत- 8.12 लाख
- 06 स्थानों पर लगाए 32 यूनिट
- 01 साल में हुआ निर्माण
- 2.60 करोड़ हुआ खर्च
- 05 साल में सुविधा कबाड़

#### जल्द करवाई जाएगी जांच

जिन-जिन स्थानों के ई-टॉयलेट में समस्या बता रहे हैं, उनकी वस्तुस्थिति की जांच करवाई जाएगी। जहां तकनीकी दिक्कतें होंगी, उन्हें संज्ञान में लेते हुए सुधार करवाया जाएगा।

- **राजेन्द्र गुप्ता,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

#### मेंटेनेंस के लिए नहीं मिली एजेंसी

सूत्रों ने बताया कि ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस और संचालन के लिए टेंडर भी किया गया था। इसमें दो एजेंसी आई,मगर वे काम करने के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसके चलते अभी ई-टॉयलेट का मेंटेनेंस करवाने की प्रक्रिया भी ठंडे बस्ते में जाने वाली है। इस बीच उपद्रवी तत्वों द्वारा यूनिट में दी गई सुविधा को तोड़फोड़ करके कबाड़ किया जा रहा है। कटोरा तालाब सहित आनंद नगर में तो कई सामान भी गायब हो गए हैं। इनका सुधार करवाने के बाद ही उपयोगी हो पाएंगी, तब तक सुविधा के लिए इंतजार करना होगा।

#### नहीं दूर हुई ई-टॉयलेट की समस्या

दरअसल ई-टॉयलेट का गेट उपयोग के लिए क्वाइन डालने के बाद ही खुले, ऐसी व्यवस्था बनाई गई। लेकिन हद तो तब हुई जब क्वाइन डालने के बाद भी दरवाजा नहीं खुलने की समस्या सामने आई। लोगों का पैसा उन्हें वापस भी नहीं मिलने की शिकायत जिम्मेदार दूर नहीं करवा पाए। इन सब मामलों को लेकर सिर्फ सुधार के दावे होते रहे और मेंटेनेंस करते हुए एजेंसी ने अपना समय बिता लिया। इससे पहले नई एजेंसी को काम देने में लापरवाही की गई। इससे लोगों की स्मार्ट सुविधा कबाड़ का हिस्सा बनने लगी है।

# भर्ती हुए ओपन हार्ट सर्जरी के जरूरतमंद मरीज, इस सप्ताह होगा पहला आपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- आठ महीने के ब्रेक के बाद एसीआई के मरीजों को मिलेगी राहत

रीएजेंट की सुविधा मिलने के बाद एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के कार्डियक सर्जरी विभाग में जरूरतमंद मरीजों की भर्ती कर ली गई है। जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनका ऑपरेशन किया जाएगा। रीएजेंट नहीं होने की वजह से पिछले आठ माह से यहां ओपन हार्ट सर्जरी पर ब्रेक लगा था।

विभागाध्यक्ष डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि समस्या दूर होने के बाद ओपीडी में जांच के लिए आने वाले कुछ मरीजों को विभाग में भर्ती कर लिया गया है। उनकी जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगले तीन से चार दिनों में ऑपरेशन किया जाएगा। आठ माह से यह सर्जरी नहीं होने की वजह से मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। यहां आने वाले गरीब मरीजों को इंतजार करना मजबूरी थी या इधर-उधर से बड़ी राशि जुगाड़कर निजी अस्पताल जाना मजबूरी थी। ओपन हार्ट सर्जरी का रास्ता साफ होने के बाद अब बीमारी का इलाज होने की उम्मीद बन गई है। हृदय रोग के उपचार सुविधा वाले इस एकमात्र सरकारी अस्पताल में आठ महीने पहले एबीजी किट और रीएजेंट की समस्या हो गई थी। इसके बाद सर्जरी विभाग में अन्य ऑपरेशन तो होते रहे ओपनहार्ट सर्जरी बंद कर दी गई थी। इसकी आवश्यकता वाले मरीजों को भर्ती भी नहीं किया जा रहा था।

#### दो लाख तक इलाज

निजी अस्पतालों में ऑपरेशन के लिए चार लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं, जबकि सरकारी अस्पताल में यह सुविधा दो लाख से कम खर्च में मिल जाती है। स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों को यह उपचार और कम खर्च प्राप्त हो जाती है। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से यहां ओपन हार्ट सर्जरी आसानी से पूरी हो जाती है।

#### नए साल में बाइपास सर्जरी

परफ्यूजिनिस्ट एवं फिजिशियन असिस्टेंट के पदों पर भर्ती पूरी होने के बाद नए साल में यहां बाइपास सर्जरी की सुविधा भी मिलने लगेगी। नए पद सृजित करने के करीब तीन साल साल इस भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया गया है।एसीआई में शुरुआती दिनों में जोड़तोड़ कर एक दो बाइपास ऑपरेशन हुए थे, जिसके बाद स्थायी इंतजाम के अभाव में यह अटका पड़ा है।

# मध्यप्रदेश वन विभाग छत्तीसगढ़ को आठ बाघ देने तैयार, आमद इतनी कि प्रस्ताव पर विचार नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मध्यप्रदेश वन विभाग, छत्तीसगढ़ को दो मादा तथा छह नर बाघ देने के लिए राजी हैं, लेकिन राज्य के वन विभाग मध्यप्रदेश के इस प्रस्ताव को फिलहाल स्वीकार नहीं कर रहा है। अफसरों का कहना है कि पड़ोसी राज्य से माइग्रेट कर लगातार बाघों का मूवमेंट हो रहा है। ऐसी स्थिति में माइग्रेट कर आने वाले बाघों को यहां रोकने की कोशिश करने उपाए किए जाने की बात वन अफसर कह रहे हैं।

गौरतलब है कि बाघों की गणना के दौरान गणना में बाघ के शावकों की गिनती नहीं की जाती। वर्ष दो 2022 की गणना रिपोर्ट में जो बाघों के शावक थे, उसे गिनती में शामिल नहीं किया गया। वहीं शावक अब वयस्क हो गए हैं। मध्यप्रदेश के कान्हा, बांधवगढ़ तथा पेच टाइगर रिजर्व में बाघ क्षमता से अधिक हो गए हैं। ऐसे में बाघों के मैनेजमेंट करने में मध्यप्रदेश के वन अफसरों को परेशानी होने लगी है।

#### डेढ़ साल की उम्र में परिपक्व हो जाते हैं

बाघिन अपने शावक को 18 से 20 माह तक साथ रखती है। इसके बाद उसे अपने साथ से अलग कर देती है। बाघिन एक बार में सामान्यतः दो से चार शावकों को जन्म देती है। बाघों की गणना 2022 में हुई थी, जिसकी रिपोर्ट पिछले वर्ष जारी की गई। ऐसी स्थिति में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है और तब के शावक अब पूरी तरह से वयस्क हो चुके हैं।



- पड़ोसी राज्य में बढ़ते बाघों का असर छत्तीसगढ़ में

#### तीन राज्यों में बाघ देने सहमति

मध्यप्रदेश के वन अफसर छत्तीसगढ़ के साथ राजस्थान तथा ओडिशा को बाघ देने के लिए तैयार हैं। इनमें छत्तीसगढ़ को आठ तथा राजस्थान तथा ओडिशा को क्रमशः चार तथा तीन बाघ देने के लिए सशर्त सहमति दी है। शर्त के मुताबिक बाघ का चयन करने संबंधित राज्य के वन अफसरों को आना होगा, जिसका संपूर्ण खर्च उस राज्य को वहन करना होगा। साथ ही बाघ का ट्रांसलोकेट मध्यप्रदेश के वेटेनरी डॉक्टर की निगरानी में होगा। तीसरी शर्त बाघ का जीवन संकट में न हो, इस बात का ध्यान रखना होगा। चौथी शर्त बाघ को लाने विधिवत केंद्र सरकार से अनुमति लेनी होगी।

#### प्रे-बेस के साथ ग्रास लैंड बढ़ाना होगा

आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में माइग्रेट होकर बाघों के आने का सिलसिला बढ़ेगा। मध्यप्रदेश से माइग्रेट होकर आने वाले बाघों का यहां स्थायी डेरा हो, इसके लिए वन अफसरों को टाइगर रिजर्व तथा बाघ की आवाजाही करने के कॉरिडोर में ग्रास लैंड विकसित करने की जरूरत है। ग्रास लैंड बढ़ने से शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी होगी। साथ ही टाइगर रिजर्व तथा कॉरिडोर में पूरे वर्ष पानी की उपलब्धता बढ़ानी होगी।

#### इसलिए मैनेजमेंट प्रभावित

पड़ोसी राज्य से आने वाले नई उम्र के बाघों के यहां से जल्दी चले जाने की सबसे बड़ी वजह प्रे-बेस की कमी है। बारनवापारा में बेहतर प्रे-बेस होने की वजह से माइग्रेट होकर पहुंचा बाघ आठ महीने तक बारनवापारा में रुका रहा। बारनवापारा में बाघ को शिकार करने घात लगाने ग्रास लैंड मिलने के साथ आसानी से शिकार मिलना है।

#### लैंटाना ग्रास की वृद्धि, चराई रोकना बड़ी चुनौती

संरक्षित वनक्षेत्र में पालतू मवेशियों को चराने ले जाने पर रोक है। बावजूद इसके अचानकमार टाइगर रिजर्व सहित प्रदेश के ज्यादातर वनक्षेत्रों में पालतू मवेशी को चरवाहा चराने के लिए चले जाते हैं। इसके चलते शाकाहारी वन्यजीवों को पर्याप्त मात्रा में चरने के लिए घास नहीं मिल पाती। राज्य में ग्रास लैंड की कमी की एक बड़ी वजह लैंटाना घास है, जो खरतपतवार की श्रेणी में आता है। वन विभाग वनों में पालतू मवेशियों के चराने के साथ लैंटाना ग्रास की वृद्धि रोकने उपाय करे, तो वनों में शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या में वृद्धि होगी।

# नए साल में हुड़दंग करने के 20 प्वाइंट, पुलिस करेगी निगरानी


- नए साल के अवसर पर होटल में आने वाले विजिटर की जानकारी देनी होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नए साल को लेकर पुलिस ने अपनी तरफ से तैयारी तेज कर दी है। नए साल के अवसर पर किसी तरह से गड़बड़ी न हो, इसके लिए एसएसपी ने होटल, रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक ली है। दूसरी ओर नए साल को लेकर पुलिस ने 30 दिसंबर से वाहनों के साथ होटल, रेस्टोरेंट की जांच शुरू करने की बात कही है।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक अब तक 15 से ज्यादा होटल तथा रेस्टोरेंट संचालकों ने शराब पिलाने आबकारी विभाग में लाइसेंस के लिए आवेदन पेश किया है। गाइडलाइन के मुताबिक शराब पिलाने लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों को अनुमति दी जा रही है, मगर म्यूजिक सिस्टम रात 10 बजे बंद करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। वहीं, म्यूजिक सिस्टम बंद न करने की दशा में साउंड इतना धीमा करना होगा, ताकि उसकी आवाज बाहर तक सुनाई न दे। म्यूजिक सिस्टम के साउंड से आसपास रहने वालों को किसी तरह से कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए। न्यू ईयर पार्टी के दौरान रात 12.30 बजे से एक बजे तक शराब पिलाने की अनुमति देने का प्रावधान रखा गया है।

- 15 से ज्यादा होटल, रेस्टोरेंट ने शराब परोसने मांगी अनुमति



#### इस तरह सख्ती बरती जाएगी

- 20 चेक प्वाइंट पर ब्रीथ एनालाइजर से नशे में गाड़ी चलाने वालों की जांच होगी।
- होटल, रेस्टोरेंट, बार और ढाबे तय समय पर बंद नहीं हुए, तो लाइसेंस निरस्त।
- जहां आयोजन होंगे, वहां के संचालकों को ही पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी।
- सड़कों पर या कार में शराब पीने वालों के खिलाफ तुरंत दर्ज होगी एफआईआर।
- होटल में रुकने वालों की जानकारी रखनी होगी, नहीं रखने पर होगी कार्रवाई।

#### सीसीटीवी से निगरानी

नए साल को लेकर जिन-जिन बड़े होटलों और रेस्टोरेंट में नए साल के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, उन सभी की निगरानी सीसीटीवी कैमरों कराने की व्यवस्था की गई है। चौराहों पर आईटीएमएस के कैमरों से नजर रखी जाएगी। तीन सवारी या नशे में गाड़ी चलाने वालों की सीधे गाड़ी जब्त की जाएगी। पुलिस ने शहर के 20 ऐसी जगहों की पहचान की है, जहां नए साल में हुड़दंग मचाया जाता है या युवा वहां पहुंचकर नशा करते हैं। इन सभी जगहों पर इस तरह के लोगों को रोकने के लिए 20 चेक प्वाइंट बनाए जाएंगे।

### 1200 से लेकर 1500, 1800 रुपए हर दिन के मिलेंगे

# अब दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे अतिथि वैज्ञानिक, कोई छुट्टी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तक सरकारी स्कूलों में अतिथि शिक्षक और व्याख्याता काम पर रखे जाते थे, लेकिन अब विश्वविद्यालय में दैनिक वेतन पर अतिथि वैज्ञानिक रखने की तैयारी है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में यह नियम लागू करने की तैयारी है। विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुसंधान केंद्रों में खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक रखने के लिए अनुमोदन किया गया है। मानदेय पर अतिथि वैज्ञानिकों से 50 रुपए के स्टांप पेपर पर यह वचन लिया जाएगा कि वे कभी भी नियुक्ति को नियमित स्थायी करने के लिए किसी अधिकारी के पास नहीं जाएंगे और न ही कोर्ट में याचिका दायर करेंगे। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी करने के साथ ही यह नियम लागू कर दिया है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान केंद्रों में स्वीकृत और रिक्त पदों के विरुद्ध संबंधित विषय के अतिथि वैज्ञानिक दैनिक वेतन पर रखे जाएंगे। अतिथि वैज्ञानिकों के लिए योग्यता कृषि, कृषि इंजीनियरिंग में, वेटिनरी, में कम से मास्टर डिग्री कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए और अच्छा एकेडिमिक रिकार्ड भी होना चाहिए। इसके साथ ही एनईटी, पीएचडी डिग्रीधारी को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही बेसिक साइंस, बेसिक इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी की योग्यता रखने वाले भी पात्र होंगे।

#### इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने लागू किया ये नियम

#### नियमित नौकरी का दावा भी नहीं



#### 26 से 40 हजार रुपए महीना होगा मानदेय

अतिथि वैज्ञानिक को माह में मिलने वाले मानदेय का निर्धारण इस प्रकार किया गया है। पीएचडी और नेट परीक्षा उत्तीर्ण की योग्यता रखने वालों को 1800 रुपए रोज या अधिकमत 40 हजार रुपए मिलेंगे। पीएचडी उर्तीण को के लिए भी यही मानदेय होगा। स्नातकोत्तर(पीजी) के साथ नेट परीक्षा पास करने वालों को 1500 रुपए रोज या अधिकतम 36 हजार रुपए महीना, केवल स्नातकोत्तर(पीजी) वालों को 1200 रुपए रोज या अधिकतम 26 हजार रुपए महीना मिलेगा।

#### पीजी वालों को डेलीवेजेस पर 6 माह के लिए रखेंगे

यदि उच्च योग्यता के अभ्यर्थी नहीं मिलते हैं, तो विशेष परिस्थिति में संबंधित विषय में स्नातकोत्तर (पीजी) को प्रतिदिन की दर पर कार्य पर रखा जाएगा, लेकिन ऐसे अभ्यर्थी को केवल 6 माह के लिए काम पर रखा जाएगा। 6 माह बाद फिर से विज्ञापन जारी कर आवश्यक अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी को काम पर रखा जाएगा। इन पदों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजनाओं के खाली पदों पर अतिथि वैज्ञानिक नहीं रखे जाएंगे।

#### ये वचन भी देना होगा स्टांप पर

अभ्यर्थी के 50 रुपए के स्टांप पेपर पर शपथपत्र देना होगा कि वे मानदेय के अतिरिक्त किसी सुविधा या भत्तों की मांग भविष्य में नहीं करेंगे। यह वचन देना होगा कि मुझे एक साल के लिए या पद नियमित रूप से भरने तक के लिए जो भी कम हो पूर्णतः अस्थायी रूप से कार्य पर रखा गया है। मेरा कार्य संतोषप्रद न होने पर मुझे एक सप्ताह के नोटिस पर कार्यमुक्त किया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री साय आज कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 26 दिसंबर को जशपुर, सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले और राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री श्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 11.30 बजे जशपुर जिले के ग्राम बगिया से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.40 बजे बगीचा विकासखंड के ग्राम घुघरी पहुंचेंगे और वहां 'आदिवासी नागवंशी समाज के वार्षिक महासम्मेलन 2024' में शामिल होंगे। इसके बाद 12.50 बजे घुघरी से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 1.30 बजे सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के ग्राम टिमरलगा पहुंचेंगे और वहां पर्वतदान (अन्न) एवं अश्वमेघ यज्ञ महोत्सव में शामिल होंगे। अपरान्ह 3.05 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 3.50 बजे रायपुर पहुंचेंगे। जहां शाम 5 बजे राजधानी रायपुर के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज सभागार में 'वीर बाल दिवस' पर आयोजित संगोष्ठी में शामिल होंगे।

खबर संक्षेप

## अटलजी के जन्मदिन पर छसपा ने किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की प्रमुख आंदोलनकारी छत्तीसगढ़ी समाज पार्टी के अध्यक्ष अनिल दुबे, जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, अशोक कश्यप, गोवर्धन वर्मा, गिरधारी ठाकुर, चंद्रप्रकाश साहू आदि ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए नमन किया। साथ ही राज्य के मुखिया विष्णु देव साय सहित उनके मंत्रिमंडल के नेताओं को याद दिलाया कि शोषण मुक्त छत्तीसगढ़ राज्य की दिशा में प्रदेश में कार्ययोजना को लागू करें, तभी छत्तीसगढ़ में सुशासन आएगा।

## स्मृति सम्मान के लिए 8 महिला पत्रकारों का चयन

**रायपुर।** स्व. आशा इकबाल की स्मृति में 13वें वर्ष प्रदेश के विभिन्न जिलों की 8 महिला पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा आयोजन संस्था द्वारा जिन महिला पत्रकारों का चयन किया गया है, उनमें रायपुर से तृप्ति सोनी, आफताब बेगम, मनीषा निषाद, शाहीन कुरैशी, निशा द्विवेदी, दुर्ग से विजयलक्ष्मी चौहान, जांजगीर-चांपा से सीता टंडन, कोरबा से लालिमा शुक्ला के नाम हैं जल्द ही आयोजन की तिथि घोषित की जाएगी।

## निर्माण श्रमिकों के लिए पंजीयन कार्य 31 तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को पंजीयन नवीनीकरण का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए ऐसे श्रमिक, जिनके पंजीयन की वैधता 1 वर्ष या उससे अधिक समय पूर्व समाप्त हो चुकी है और जिन्होंने अभी तक पंजीयन नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया है, वे 31 दिसंबर 2024 तक नवीनीकरण करा सकते हैं।

## बलिदान दिवस पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान देने वाले वीर साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह के बलिदान दिवस पर शहीद स्मारक खरोरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें पूर्व सैनिक संगठन एवं अग्निवीर प्रशिक्षण शिविर के बच्चों, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर, गुलशन चंद्राकर, अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, कनक राम निषाद, रामप्यारी साहू, अरुण साहू, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, कन्हैया लाल सोनी, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान दिवस के रूप से मनाया जाता है।

# सरकारी कॉलेजों का ऐसा दबदबा...मेरिट लिस्ट के 202 विद्यार्थियों में मात्र 8 निजी महाविद्यालयों से

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा स्नातकोत्तर कक्षाओं की मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। प्रत्येक वर्ष शासकीय महाविद्यालय ही शीर्ष पर रहते हैं, लेकिन इस बार शासकीय महाविद्यालयों का ऐसा दबदबा है कि विभिन्न विषयों की जारी की गई मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले 202 विद्यार्थियों में से सिर्फ 8 छात्र ही निजी महाविद्यालयों से हैं। मेरिट लिस्ट के अन्य सभी विद्यार्थी शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत हैं। इसमें भी रविवि अध्ययनशाला का वर्चस्व है। हालांकि कई पाठ्यक्रम ऐसे हैं, जिनका संचालन केवल रविवि अध्ययनशाला में ही होता है, इसलिए इसके शीर्ष-10 में स्वतः रविवि के छात्रों ने अपनी जगह बना ली है।

कई ऐसे विषय भी हैं, जिनका अध्यापन रविवि यूटीडी के अलावा शासकीय और निजी दोनों ही महाविद्यालयों में होता है। इन विषयों में भी रविवि अध्ययनशाला के विद्यार्थी ही बाजी मारकर ले गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि रविवि अपनी अध्ययनशाला में छात्रों के दाखिले प्रवेश परीक्षा के जरिए स्क्रूटनी करके लेता है। शीर्ष विद्यार्थी यहां प्रवेश लेते हैं, इसलिए उनका प्रदर्शन बेहतर रहता है।

### प्रावीण्य सूची में रविवि अध्ययनशाला के विद्यार्थियों का ही दबदबा

**गणित में लड़कियों का दबदबा**

एमए गणित में 10 में से 9 विद्यार्थी शासकीय विद्यालय के हैं। इनमें मात्र 3 लड़के हैं, शेष सभी लड़कियां हैं। गृह विज्ञान सामान्यतः महिला महाविद्यालयों में ही उपलब्ध है, इसलिए इसमें लड़कियों ने ही जगह बनाई है। एमएससी होमसाइंस के मेरिट लिस्ट में जगह बनाने वाले सभी 9 विद्यार्थी शासकीय मिनीमाता महाविद्यालय बलौदाबाजार के हैं। इसी तरह एमए संस्कृत के सभी छात्र रायपुर के शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के हैं।



**ऐसे हैं आंकड़े**

एमए इंग्लिश में 10 में 4 छात्र प्राइवेट के हैं तथा शेष शासकीय महाविद्यालय के हैं। इसी तरह से एमएससी गणित में 1 छात्र निजी, एमएससी जूलॉजी में 2 तथा एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में 1 विद्यार्थी निजी महाविद्यालय से तथा शेष शासकीय महाविद्यालय से हैं। इन विषयों के अलावा एमए हिंदी, एमए अर्थशास्त्र, एमए भूगोल, एमए मनोविज्ञान, एमए संस्कृत, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएससी फिजिक्स, एमएससी बायोसाइंस, एमएससी बायोटेक, एमएससी सांख्यिकी, एमएससी होमसाइंस, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, एमएससी पर्यावरण विज्ञान, एमएससी बॉटनी, एमएससी आईटी, एमएससी जियोलॉजी के सभी शीर्ष-10 विद्यार्थी शासकीय कॉलेज में अध्ययनरत हैं।

### 15 दिनों के भीतर पेश करनी होगी आपत्ति

फिलहाल केवल स्नातकोत्तर कक्षाओं की मेरिट लिस्ट घोषित की गई है। स्नातक कक्षाओं की मेरिट लिस्ट अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। जारी की गई मेरिट लिस्ट में दावा-आपत्ति 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। मेरिट जारी करने के साथ ही रविवि ने इससे संबंधित अन्य दिशा-निर्देश भी अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले छात्रों को रविवि के दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल दिए जाएंगे।

जयंती : सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल बिहारी की जयंती

# अटल के सुशासन की परिकल्पना को भाजपा सरकार कर रही साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस ग्राम पंचायत दतान (प) में मनाया गया। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद पंचायत पलारी के सीईओ पीएल ध्रर्वे, भाजपा नेता बिपिन बिहारी वर्मा, मण्डल अध्यक्ष पवन वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, दुर्गा माहेश्वर, जिला पंचायत सदस्य सुश्री खुशबू बंजारे, जनपद पंचायत सदस्य बृजबाई वर्मा, तुलसी डहरिया भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा, उपाध्यक्ष केशरी वर्मा मीडिया प्रभारी योगी वर्मा, असहाय जन सेवा संस्थान के अध्यक्ष व पूर्व सरपंच महेश बारले, कुंवर रजक, सुंदर फेकर, दशरथ चंद्राकर, बिसाहू साहू, साधराम बारले, नीलकमल साहू, हेमलाल साहू, सक्रिय महिला कल्पना ध्रुव, शिवकुमारी साहू, रूखमणी वर्मा, पंच मालती वर्मा, नरोतम चेलक, देवनाथ वर्मा, कृषि विभाग से राजू टांडे अधिक संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित होकर जयंती मनाई। कार्यक्रम का संचालन जगदीश साहू ने किया। सभी अतिथियों का आभार सरपंच वेदप्रकाश वर्मा ने किया।

## भवानीपुर में सुशासन दिवस के रूप में मनाई अटल की जयंती

**भवानीपुर।** क्षेत्र सहित बम्हनी, चरौदा, मोहान, भवानीपुर, खपरी, तमोरी, गिधपुरी, साहड़ा, कूची, भारूवाडीह, रिवाडीह, कूची सहित जिलेभर में देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती को ग्राम भवानीपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया। मुख्य अतिथि रोहासी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने कहा कि अटलजी देश के ऐसे नेता थे, जिनके लिए देश प्रथम था, सभी दलों के नेता उनका सम्मान करते थे। जनपद सदस्य कुसुम लता ध्रुव ने कहा कि अटलजी ने सुशासन का जो मॉडल अपने प्रधानमंत्री काल में देश के सामने रखा, उसे देश ने सदैव सराहा। अपने नाम के अनुरूप अटलजी ने तमाम विरोधों के बावजूद परमाणु परीक्षण कर देश के सामने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति को प्रदर्शित किया। उनके व्यक्तत्वि से सभी युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर नारायण निषाद, ओमकार वर्मा, दौलत यादव, मदन लाल साहू, तुकाराम ध्रुव, रोहित साहू, प्रेम चंद्राकार, श्याम, टम्मन लाल चंद्राकर, नंदिनी साहू, नरेंद्र चंद्राकर, चूड़ामणि साहू सचिव, डायमंड ध्रुव आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## नहरडीह में मनाई वाजपेयी की जयंती

**खरोरा।** ग्राम पंचायत नहरडीह बूथ क्रमांक 49 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती मनायी गई। इस अवसर पर परस नायक अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा, कामता साहू बूथ अध्यक्ष, मनीष वर्मा, सरपंच विजय साहू, पंच बलवंत साहू, सचिव भारती, रोजगार सहायक रामस्वरूप साहू, अश्वनी साहू, अरुण साहू, अरविन्द धूरू, लेखराम, रिखी, जोहन, घनश्याम व ग्रामवासी उपस्थित थे।




## देवरीकला में मना ब्लॉक स्तरीय सुशासन दिवस

**बलौदाबाजार।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरीकला में विकासखंड स्तरीय सुशासन दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल राम रतन दुबे, जनपद पंचायत कसडोल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमलेश साहू, ग्राम पंचायत देवरीकला की सरपंच श्रीमती पैंकरा, ग्राम पंचायत छरछेद के सरपंच भरत दास मानिकपुरी द्वारा अटल चौक में वाजपेयीजी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कविता का पाठ किया एवं अटल जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही गई। अटल जी की विदेश नीति की तारीफ करते हुए अध्यक्ष श्री मिश्रा द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण कारगिल युद्ध जैसी उपलब्धियों को ग्रामजनों के बीच साझा किया। सरपंच मानिकपुरी द्वारा अटल को छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माता बताते हुए कहा कि आज हर गांव तक सड़कों का जो जाल फैला है वह अटल जी की ही देन है। अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की थी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवरीकला के पंचगण जनपद पंचायत कसडोल के अधिकारी कर्मचारी एवं भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रासेयो शिविर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/लवन

शासकीय महाविद्यालय लवन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत अहिल्दा के पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में प्रारंभ हुआ। शिविर उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक लोकनाथ ध्रुव ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अहिल्दा के सरपंच झब्बू लाल साहू, महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष मृत्युंजय पांडेय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक अरविंद मिश्रा उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. एसके भट्ट के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर का केन्द्रीय विषय यूथ फॉर माय भारत है। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय मिश्रा ने बताया कि 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक विभिन्न ग्रामों से आए स्वयंसेवक सात दिवसों तक ग्रामहित के कार्य करेंगे। शिविरार्थी स्वयंसेवक परियोजना कार्य के साथ ही बौद्धिक विकास के कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई, कार्यकम समन्वयक रासेयो पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर डॉ. एल एस गजपाल एवं जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने सफल शिविर संचालन के लिए आभार जताया।

# शालिनी का डड़सेना प्रांतीय कलार समाज ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

सरस्वती शिशु मंदिर खरोरा की पूर्व छात्रा शालिनी डडसेना को प्रदेश स्तरीय कलार समाज द्वारा पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद, एमएम कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में प्रथम स्थान आने पर सम्मानित किया गया। शालिनी प्रारंभिक कक्षा से ही मेधावी छात्रा रही है। वह विद्याभारती के प्रांतीय समन्वयक चंद्रकुमार डडसेना, माता दमयंतिन डडसेना की जेष्ठ पुत्री है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी ने बधाई देते हुए कहा बिटिया शालिनी इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त कर नगर खरोरा और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शांताराम शराफ, रूपनारायण सिन्हा, विवेक सक्सेना, डॉ. देवनारायण साहू, डॉ. किशोर सिन्हा, प्राचार्य अश्वनी पाटकर, मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, ललित डडसेना, मुकेश सिन्हा, सीताराम यादव, डॉ. योगेश द्विवेदी, घनाराम नसीने, पंचराम यादव, लखेश्वर वर्मा, मुकेश साहू आदि ने शुभकामनायें देते हुए बालिका की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# छात्रों ने सिरपुर, जंगल सफारी और नंदनवन का भ्रमण किया

**कसडोल।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैगनडबरी एवं कुर्राहा के बच्चों ने प्रकृति दर्शन कार्यक्रम के तहत प्रकृति एवं वन्य जीव से संबंधित परिचय एवं जागरूकता के उद्देश्य से जंगल सफारी एवं नंदनवन जू का भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने प्रकृति एवं जंगल का खूब आनंद लिया। साथ ही विभिन्न जानवरों को नजदीक से देखा, जिसमें शेर, हिरण, भालू, मछली, सांप, बारहसिंगा व अन्य जीव शामिल है। बच्चों ने जंगल के पेड़ पौधे के बारे में वह जलवायु परिवर्तन होने के कारण को करीब से जाना। साथ ही जंगल सफारी के सवारी का आनंद लिए। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा सिरपुर के लक्ष्मण मंदिर का भ्रमण किया। वहां के प्राचीन खुदाई के बारे में जानकारी हासिल की। जहां बच्चों को ऐतिहासिक जगह के बारे में बताया गया। छात्र-छात्राओं को माता कौशल्या धाम चंदखुरी का भी दर्शन कराया गया, जिसके दर्शन से छात्र छात्राएं आनंदित हुए। इस दौरान रमाशंकर साहू, बिनेश्वर कौशिक, घनश्याम जायसवाल, मधु महिलांगे, धरमशीला जायसवाल, दुलौरीन मिरी, ठंडा बाई कर्ष, शिक्षक स्टाफ शामिल रहे। साथ ही शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमा देवी पडवार एवं कमला बाई पैकरा सदस्य जगदीश पडवार एवं सरपंच दुर्गा ऋषि साहू शामिल हुए।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले



## पेज 11 के शेष

### मनखे-मनखे एक...

की थी, जिसका आज उन्हीं के हाथों लोकार्पण हुआ। सामाजिक लोगों की मांग पर विधायक ने रंगमंच पर छज्जा निर्माण एवं कार्यक्रम स्थल पर सोलर लाइट लगवाने तथा अगामी वर्ष के कार्यक्रम हेतु 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ खनिज निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन एवं कांग्रेस नेता सुनील माहेश्वरी ने भी संबोधित किया। उक्त अवसर पर हितेंद्र ठाकुर, रमेश धृतलहरे, सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, समाज के अध्यक्ष जगमोहन मारकंडेय, सचिव नंदकुमार चेलक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हिरेंद्र कोसले, शैली भाटिया, रंजीत सोनवानी, दिलीप कोसले, रोहित मिरी, तिलक देवांगन, पप्पू अली, पदुम टडंन, नरेश दिवाकर, कोमल टडंन सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### वीर बाल दिवस...

कर धर्म की रक्षा की। गुरुगोविन्द सिंह के बड़े बेटे वीर योद्धा अजीत सिंह महज 18 वर्ष की उम्र वीर योद्धा जुझार सिंह ने 14 वर्ष की उम्र में चमकौर की धरती पर मुगल सैनिकों से युद्ध करते हुए अपनी शहादत दीं। दोनों छोटे साहबजादों जोरावर सिंह महज 9 वर्ष और सबसे छोटे साहेबजादे फतेह सिंह 6 वर्ष की उम्र में जिन्दा दीवार में चुनवा दिया गया, दादा श्रीगुरतेग बहादुर साहिब और दादी माता गुज़री के साथ सिक्ख पंथ के दशम गुरु पिता गुरुगोविन्द सिंह के धर्म के प्रति आदर्शों को मान रखते हुए अपनी शहादत दे दी।

### मरार पटेल महासंघ ...

दिलीप पटेल भिलाई, दुर्गा प्रसाद पटेल पंडरिया, अशोक पटेल मस्तूरी, राजू पटेल रणवीरपुर, तुलसी पटेल भिलाई, संरक्षक पवन पटेल महासमुंद, बसंत पटेल पाली, विजय पाटिल बोड़ला कबीरधाम, महासचिव केशव पटेल भिलाई, सचिव अशोक पटेल दुरपा, पप्पू पटेल महासमुंद, राजकुमार पटेल डोंगाकोहरौद, सह सचिव सत्यनारायण पटेल परसदा कला, पदम शंकर पटेल सीरियाडीह, जीवन पटेल राजनांदगांव, संगठन सचिव नवीन पटेल नररा, गंगाप्रसाद पटेल कोहरौद, नंदराम पटेल गोरबी, प्रचार सचिव अशोक पटेल दिघारी, दीना पटेल डोंगडगाव, ललिता पटेल जुराली कोरबा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार पाटिल मारो, सह कोषाध्यक शेखर पटेल रायपुर, ओंकार पटेल बिलासपुर, अंकेक्षण भूखन पटेल उताई, सह अंकेक्षण भरतलाल पटेल लोहरा, लल्लाराम पटेल विद्याडीह आदि बनाये गए।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# विद्यार्थियों ने सीखा कैरियर और व्यक्तित्व निर्माण की कला

## देव संस्कृति विवि हरिद्वार की छात्राओं ने दी बुद्धि बढ़ाने और जीवन को तनाव मुक्त बनाने की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ देव संस्कृति विवि हरिद्वार की छात्राओं ने दी बुद्धि बढ़ाने और जीवन को तनाव मुक्त बनाने की जानकारी



अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में बुधवार को एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ में सम्पन्न हुआ। शिविर का संचालन देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्र स्मृति सिंग, आयुशी तजने, अपर्णा एवं गायत्री महिला मण्डल बलौदाबाजार की बहनों द्वारा किया गया।

इसमें बलौदाबाजार जिला की लगभग 150 बहनें शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जवलन एवं प्रज्ञागीत के साथ किया गया। कन्या कौशल शिविर में स्वास्थ्य रक्षा के सूत्र, बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, कन्या जीवन में तनाव व निवारण, कैरियर निर्माण, व्यक्तत्वि निर्माण, मोबाइल एडिक्शन कैसे छुड़ाये, परीक्षा में अधिकतम अंक कैसे पायें, समय प्रबंधन आदि विषयों पर पावर पाईंट प्रजेंटेशन के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान दिया। साथ ही बहनों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय की बहनों ने कहा कि गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के हृदय में कन्याओं के जीवन को लेकर हमेशा से ही वेदना रही है।

### आने वाले युग का नेतृत्व करने योग्य बनेगी नारी

वे उनके उत्कर्ष व सम्पूर्ण नारी जाति की दशा को बदलने नारी सशक्तिकरण के रूप में परिजनों के हाथ में एक क्रांति थमा गए हैं। इसके माध्यम से आने वाले युग का नेतृत्व करने योग्य नारी बनेंगी। गुरूदेव के अनुसार 21वीं सदी नारी प्रधान होंगी, जिसमें सम्पूर्ण विश्व की बागडोर उनके हाथों में होगी। बहनों द्वारा बताया गया कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य हेतु निरर्थक टीवी सीरियल, फिल्म की अश्लीलता, उत्तेजक दृश्य, उत्तेजक अश्लील संगीत व साहित्य से बचकर रहने की सलाह दी। शिविर में मीना ध्रुव, शैली अग्रवाल, पिंकी यादव, राजेश्वरी बघेल, निर्मला वर्मा, छाया पटेल ने विषयों का प्रतिपादन किया तथा महिला मण्डल कसडोल, अमेरा, हरिनभठ्ठा, मल्दी, मोपर, बलौदाबाजार, गिधपुरी, सेम्हराडीह, लटुवा, पलारी की बहनों का विशेष योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में युवक की मौत, युवती घायल

**महासमुंद।** शादी करने मंदिर जा रहे युवक-युवती के एक्सीडेंट के मामले की सिंघोड़ा पुलिस ने जांच की है। जांच के बाद पुलिस ने बताया कि 21 दिसंबर को लगभग 10:30 बजे मोटर सायकल होंडा 125 क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 1957 में मृतक मिथलेश बंछोर पिता अशोक बंछोर (22 साल) निवासी गौरटेक एवं किरण बेहरा पिता किशोर बेहरा (20 साल) निवासी सिंघनपुर थाना बसना जिला महासमुंद से मंदिर शादी करने जा रहे थे। लगभग 12:30 बजे खम्हारपाली बेरियर के पास ट्रक क्रमांक 28 बीबी 4882 के चालक ने अपने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक चलाते अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे मोटर सायकल टकराने से एक्सीडेंट हो गया, घटना में मिथलेश बंछोर के सिर में बांये हाथ में, गले के पास गंभीर चोट लगने से मौत हो गई एवं किरण बेहरा के नाक एवं हाथ में चोट लगी। संपूर्ण मर्ग जांच के बाद आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### खाद्य एवं जिले के प्रभारी मंत्री बघेल आज जिले में

**महासमुंद।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण व जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शुक्रवार 27 दिसंबर को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम अनुसार खाद्य मंत्री बघेल सुबह 9:45 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा सुबह 11 बजे महासमुंद पहुंकर स्थानीय स्वामित्व योजना कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे जिला महासमुंद से बलौदाबाजार के लिए रवाना होंगे।



### स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन आज

**महासमुंद।** स्वामित्व योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 27 दिसम्बर को देशभर के 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रॉपर्टी कार्ड का वितरण करेंगे। इस अवसर पर योजना के लाभार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से संबोधित करेंगे एवं लाभार्थी कार्डधारकों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके तहत जिला स्तर पर स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में शुक्रवार 27 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे।

## शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

# शहीद वीर नारायण सिंह ने गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के जय स्तम्भ चौक में अमर शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर आदिवासी गोंड समाज मॉवली महासभा सिंगारपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम में शिवरतन शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के अमर शहीद वीरनारायण सिंह का जीवन सबके लिए प्रेरणादायक है। सोनाखान के वीर नारायण सिंह ने जहां गांव, गरीब और किसानों की रक्षा के लिए संघर्ष किया, वहीं उन्होंने अंग्रेजों संघर्ष करते हुए देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। शिवरतन शर्मा ने कहा कि आज हम सबको संकल्प लेना चाहिए, कि हम जियें तो देश के लिए और मरे तो भी देश के लिये। शहीद वीरनारायण सिंह ने सोनाखान की धरती में जन्म लेकर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ 1857 की क्रांति में अपना उल्लेखनीय योगदान दिए थे। आज भी देश में जब आदिवासी बलिदान की चर्चा होती है, तो शहीद वीरनारायण सिंह का नाम सबसे पहले याद किया जाता है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवशाली इतिहास में छत्तीसगढ़ के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत वीर नारायण सिंह ने छत्तीसगढ़ की जनता में देश भक्ति की भावना का संचार किया। सन 1856-57 के भयानक अकाल के दौरान गरीबों को भूख से बचाने के लिए उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ कठिन संघर्ष किया और अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

शिवरतन शर्मा ने समाज के लोगों से कहा कि किसी भी समाज की पहचान उसकी आर्थिक प्रगति से नहीं बल्कि जागरुकता से होती है, आदिवासी समाज अपनी श्रेष्ठ संस्कृति और उत्कृष्ट परम्परा से पहचाना जाता है। इस समाज ने शहीद वीरनारायण सिंह जैसे सपूत देकर प्रदेश ही नहीं देश को भी गौरवान्वित किया है। आदिवासी समाज तथा इस समाज के नेतृत्वकर्ताओं ने राजसिंहासन त्यागकर देशहित में अपने प्राणों की आहुति देकर देशवासियों को नया संदेश दिया है।

उक्त अवसर पर अध्यक्ष मावली महासभा बंशीलाल नेताम, आशीष जायसवाल, टेकसिंह ध्रुव, तीजराम ध्रुव, पुसउराम ध्रुव, दौलत कुंजाम, कृपाराम ध्रुव, संतोष ध्रुव, अमर मंडावी, नरेश ध्रुव, रिखीराम पोर्ते, सरिता ध्रुव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## जुनवानी में घासीदास जयंती पर मेला आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिरसा नाला

■ 31 दिसम्बर तक होंगे विविध कार्यक्रम, विजेताओं को मिलेगा अलग-अलग पुरस्कार

ग्राम पंचायत जुनवानी में गुरु घासीदास जयंती पर 27 से 31 दिसम्बर तक मेला का आयोजन रखा गया है। शुक्रवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सन्नी बंजारे परिक्षेत्र सतनामी समाज अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि नर्मदा अमित कौशिक अध्यक्ष नगर पंचायत भटगांव, दुष्यन्त नारंग, भुनेश्वर नारंग, 29 दिसंबर की मुख्य तिथि रोहित डेहरिया केन्द्रीय प्रतिनिधि वाह प्रदेश महासचिव बसपा व श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा, 30 दिसंबर के मुख्य अतिथि कविता प्राण लहरे विधायक बिलाईगढ़, 31 दिसंबर के मुख्य आतिथि दिनेश लाल जांगड़े, विशिष्ट अतिथि रेवती चंद्रा मंडल अध्यक्ष, रामलाल टंडन होंगे। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 20100 रुपए, द्वितीया पुरस्कार 15100, तृतीय 10100, चतुर्थ 7100, पंचम 5100, छठा 3100 रुपए, रिकॉर्डिंग डांस का प्रथम पुरस्कार 3000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 2000, ऑडियो सिगर प्रथम पुरस्कार 2000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1500 दिया जावेगा। 20 किमी की दूरी से आने वाले पंथी पार्टी को पेट्रोल खर्च समिति द्वारा दिया जाएगा। अध्यक्ष राजकुमार टंडन, उपाध्याय मनोहर पुरैना, सचिव तिहारू राम बंजारे, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार बंजारे, संस्थापक स्व खिखो राम, संरक्षक परदेसी निराला, मालिक राम बंजारे, दयाराम, मोती लहरे, संचलक में शिवकुमार टंडन, शिक्षक रंजीत पुरैना, अजीत कुमार निराला, जवाहर लाल बंजारे, गुरु गद्दी तुलसीराम बंजारे, गनपत बंजारे, हीरालाल लहरे, भीखम टंडन, कन्हैया बंजारे, मनोज बंजारे उपस्थित रहेंगे।

## छात्रों ने किया रतनपुर, कानन पेंडारी और खूंटाघाट का भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा से कक्षा आठवी के छात्र-छात्राओं को विगत दिनों शैक्षणिक भ्रमण पर रतनपुर, कानन पेंडारी, खूंटाघाट का सैर करवाया गया। छात्र छात्राओं ने रतनपुर में मां महामाया देवी का दर्शन लाभ लिया। कल्चुरी कालीन ऐतिहासिक नगरी तथा शासकों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। खूंटाघाट जलाशय के पर्यावरणीय महत्व को जाना, डैम में मगरमच्छ भी देखें। कानन पेंडारी चिड़ियाघर में विभिन्न प्रकार के जीव जंतु, जिसमें हिरण की कई प्रजातियां, शेर, भालू, तेंदुआ, बायसन, घड़ियाल आदि देखे। पक्षियों की अनेक प्रजातियां तोते, एमु शुतुरमुर्ग, बन कौंवा, मोर सफेद मोर, मूषक हिरण देख कर बच्चों को बहुत आनंद आया। विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

मछली घर में रंगीन मछलियां और उनके जीवन चक्र को समझा। इस ऐतिहासिक धार्मिक और पर्यावरणीय यात्रा में शामिल छात्र छात्राओं को आनंद आया। भ्रमण के दौरान प्रधान पाठक सुशीला वर्मा, शिक्षक रमेश कुमार वर्मा, चन्द्र शेखर साहू, रामकरण वर्मा, सुब्रत वर्मा, एसएमसी अध्यक्ष विजय शर्मा, सदस्य उषा वर्मा ने छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

## स्वयंसेवियों की बौद्धिक परिचर्चा में शामिल हुए नंदकुमार साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



भरत देवांगन शासकीय विद्यालय खरोरा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत बरौंडा में आयोजित किया गया। इस दौरान बौद्धिक परिचर्चा कालखंड में पूर्व राज्य सभा सांसद नंदकुमार साय शामिल हुए। श्री साय ने जशपुर जिले के एक ग्राम को आदर्श ग्राम के रूप में कैसे परिवर्तित किया इसकी सम्पूर्ण जानकारी दी। साथ ही शराबबंदी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण में किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा, विषयों पर व्यापक जानकारी शिविरार्थी छात्र-छात्राओं को प्रदान की। साय ने शिविरार्थी स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नियमित सेवा कार्य करने के लिए बधाई। विद्यालय प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, कार्यक्रम अधिकारी शाहिना परवीन एवं शाला परिवार को रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यक्रम में शामिल कर छात्र-छात्राओं को आगे लाकर राष्ट्र निर्माण में सहायक के रूप कार्य करें, इस उद्देश्य से अपनी विचार व्यक्त किए। साथ ही ग्रामीणों को कंबल भेंट किए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन प्राचार्य ग्राम पंचायत बरौंडा कुंजन दास कुर्रे ने किया। बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में ग्राम पंचायत बरौंडा के सरपंच प्रदीप मढ़रिया, प्राचार्य हाई स्कूल बरौंडा कुंजन दास कुर्रे, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक तोपसिंह टंडन, उपसरपंच संतराम कुर्रे, चारुभद्र बारले, पंचगण, अमर बर्मन कार्यक्रम सहायक एवं समस्त ग्रामवासी व स्वयं सेवी छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## मरार पटेल समाज का प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

कर्मचारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान सह कैरियर गाइडेंस समारोह 29 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह में वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं और 12वीं में प्रावीण्यता प्राप्त विद्यार्थियों को तथा समाज के प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोटिवेशनल वक्ताओं द्वारा कैरियर गाइडेंस दिया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल, अति विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल अध्यक्ष गौ सेवा आयोग, विशिष्ट अतिथि मरार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक पटेल, महासचिव प्रेम लाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मनारायण पटेल, सुनील पटेल, सुरेन्द्र पटेल, कविता पटेल नायब तहसीलदार होंगे। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नागेश्वर पटेल करेंगे।


## रामकथा में रामजन्म के दिव्य रहस्यों का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय दिव्य संगीतमयी श्री रामकथा के तीसरे दिन का कार्यक्रम भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। कथा वाचक मानस विदुषी चंद्रकला ने प्रभु श्रीराम के जन्म प्रसंग और उनके अवतार के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला। चंद्रकलाजी ने भगवान श्रीराम के अवतार के गूढ़ रहस्यों को उजागर करते हुए बताया कि जब-जब धर्म का पतन होता है और अधर्म बढ़ता है, तब प्रभु स्वयं अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरितमानस के आधार पर उन्होंने प्रभु श्रीराम के जन्म के कारणों और उनके बाल लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया। कथा के दौरान उपस्थित छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने मधुर स्वर में भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को नृत्य करने पर मजबूर कर दिया। आयोजन समिति के संयोजक पुष्पराज टंकराम वर्मा ने बताया कि शुक्रवार को श्री राम विवाह उत्सव कथा का भव्य वाचन होगा।

## विकास कार्य का भूमिपूजन हुआ



**पलारी।** जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत घिरघोल में गुरुवार जिला पंचायत के 15वें वित्त मद से 2 लाख का शेड निर्माण का भूमिपूजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महेन्द्र मोनू साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करोड़ों रुपए की स्वीकृत कर विकास कार्य पूर्ण किया जा चुका है। लाखों के विकास कार्य प्रगतिरत है। हमने जिला पंचायत क्षेत्र में सतत विकास हो इनके लिए संकल्पित है। जनता के विश्वास में खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि हेमकुमार साहू, वरिष्ठ समाज सेवी सुकालू राम यदु, मोहनलाल साहू, दिलीप साहू, मदन कुमार साहू, देवदास बंजारे, उपसरपंच गुलाब सिंह साहू, पंच प्रतिनिधि चंद्रिका प्रसाद साहू, हेमेंद्र यादव, जगनू राम यादव, लहाराम चंद्राकर, संतराम बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।







